प्रेषक,

मुख्य चिकित्साधिकारी,
प्रयागराज।

सेवा में,

1– अध्यक्ष/सचिव, इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन, प्रयागराज।
2– अध्यक्ष, इलाहाबाद नर्सिंग होम एसोसिएशन, प्रयागराज।
3– अध्यक्ष, इलाहाबाद डेण्टल एसोसिएशन, प्रयागराज।
4– अध्यक्ष, नेशनल इन्ट्रीगेटेड मेडिकल एसोसिएशन, (नीमा) शाखा प्रयागराज।
5– अध्यक्ष, नेशनल होम्योपैथिक एसोसिएशन, शाखा प्रयागराज।
6– अध्यक्ष/सचिव, इलाहाबाद पैथोलाजी क्लब, प्रयागराज।
7– समस्त प्रबन्धक/प्रधानाचार्य, पैरामेडिकल कालेज, प्रयागराज।

पत्रांक–मु0चि0अ0/एन0एच0एम0/कोविड/आर0आई0/2020–21/ 5319 दिनांक– 25/10/2020

**विषय– कोविड–19 टीकाकरण हेतु जनपद में कार्यरत समस्त स्वास्थ्य एवं अन्य सम्बन्धित कर्मियों (सरकारी एवं प्राइवेट) को सूचीबद्ध कर डेटा बेस संकलन के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या– एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/आर0आई/2020–21/60/4247 दिनांक 21.10.2020 **(संलग्न)** का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। पत्र के माध्यम से कोविड–19 टीकाकरण हेतु प्रदेश में कार्यरत समस्त स्वास्थ्य कर्मियों एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों (सरकारी एवं प्राइवेट) को निर्धारित प्रारूप पर सूचीबद्ध कर सम्बन्धित डेटा बेस तैयार करने की अपेक्षा की गई है। उक्त कार्य हेतु प्रत्येक राजकीय/निजी क्षेत्र की सभी पैथी की स्वास्थ्य एवं सम्बन्धित इकाईयों यथा मेडिकल कालेज, चिकित्सालय, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल इन्सटीट्यूट, रिसर्च इन्सटीट्यूट, सरकारी अथवा गैर सरकारी लैब, प्राईवेट क्लीनिक, नर्सिंग होम एवं छोटे एवं बड़े अस्पताल में कार्यरत कर्मियों को सूचीबद्ध किया जाना है।

उपरोक्त वर्णित प्रत्येक इकाई में एक जिम्मेदार व्यक्ति नामित किया जाए तथा मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय द्वारा सभी चिकित्सालयों को सूचनाओं के संकलन हेतु मानक एक्सल शीट टेम्पलेट ई–मेल द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। एक्सेल शीट टेम्पलेट को निम्न लिंक पर जाकर स्टेट शीट को डाउनलोड किया जा सकता है। **https://hmis.nhp.gov.in/#!/**

**उपरोक्त सूचीकरण के सम्बन्ध में निम्नलिखित बिन्दुओं पर ध्यान दिया जाएगाः–**

**i.** उपलब्ध कराये गये एक्सेल शीट टेम्पलेट पर अंग्रेजी भाषा में ही प्रविष्टियां सुनिश्चित की जानी है। साथ ही शीट में दिये गये ड्राप डाउन आप्शन्स का ही प्रयोग करें।

**ii.** जनपद में स्थित सभी प्राइवेट स्वास्थ्य एवं चिकित्सा संस्थानों क्लीनिक, नर्सिंग होम एवं छोटे–बड़े चिकित्सालयों में कार्यरत सभी मेडिकल, पैरामेडिकल अथवा नान मेडिकल स्टाफ को भी सूचीबद्ध किया जाना है।

**iii.** शासन के निर्देशानुसार सभी चिकित्सालयों को सूचनाओं के संकलन हेतु निर्धारित एक्सेल शीट टेम्पलेट मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय द्वारा ई–मेल के माध्यम से प्रेषित किया जाना है तथा चिकित्सालयों को भी ई–मेल में माध्यम से ही पूर्णतया भरा हुआ गुणवत्तापूर्ण एवं प्रमाणित एक्सेल शीट टेम्पलेट को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के निर्धारित ई0–मेल पर प्रेषित किया जायेगा ।

**iv.** कोविड–19 टीकाकण अथवा उपरोक्त वर्णित सूचीबद्ध प्रक्रिया इत्यादि के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की सूचना एवं पत्र व्यवहार हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय द्वारा उपलब्ध करायी जा रही ई0–मेल आई0डी0 **covid19vaccinationpryj@gmail.com** का ही प्रयोग किया जाए।

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने संगठन से सम्बद्ध सभी चिकित्सालयों/नर्सिंग होमों को उक्तानुसार सूचित करते हुए उनका पूर्ण विवरण उनके ई0–मेल आई0डी0 सहित तीन दिवसों में उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि उपरोक्तानुसार निर्धारित प्रक्रिया को पूर्ण किया जा सकें।

भवदीय

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
प्रयागराज।

पत्रांक–मु0चि0अ0 / एन0एच0एम0 / कोविड / आर0आई0 / 2020–21 / 5319 तद्दिनांक–

**प्रतिलिपि**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश शासन।
2. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0।
3. महानिदेशक, परिवार कल्याण, परिवार कल्याण महानिदेशालय, उ0प्र0।
4. महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य, स्वास्थ्य भवन, उ0प्र0।
5. जिलाधिकारी, प्रयागराज।
6. मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज।
7. अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।
8. अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, प्राईवेट चिकित्सालय पंजीकरण, प्रयागराज को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वे जनपद में पंजीकृत प्राईवेट चिकित्सालयों / नर्सिंग होमों से समन्वय करते हुए निर्धारित समयान्तर्गत उपरोक्तानुसार डाटा उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
9. अपर मुख्य चिकित्साधिकारी / जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, प्रयागराज।
10. डा0 महानन्द, उप मुख्य चिकित्साधिकारी / नोडल अधिकारी, कोविड–19 टीकाकरण डाटा बेस, प्रयागराज।
11. मण्डलीय / जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
प्रयागराज।